तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 सभी राजनीतिक दल आचार संहिता का पालन करें : शर्मा





10 भाजपा ने मनाया जनादेश दिवस सीएम साय ने खुद ...




**खबर संक्षेप**

### कोतवाली क्षेत्र में फिर चाकूबाजी

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हुई है। जहां मामूली सी बात पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया गया। आपको बता दें मामला बालोद शहर का है, जहां बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद चाकूबाजी हो गई। घटना शाम 8.30 बजे की बताई जा रही है। घटना में संतोष नाथ योगी नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुआ है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। युवक के पेट, हाथ, सिर में चोटें आई हैं। मामले को लेकर कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

### बाइक की ठोकर से सायकिल सवार घायल

**बालोद।** टिकरी मोड़ तालाब के पास मोटर सायकल चालक ने सायकल सवार फेरूराम बघेल को टक्कर मार दी। इस मामले में अर्जुन्दा थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 125 ए बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम अर्जुन्दा निवासी फेरू राम बघेल के बेटे शिव ने पुलिस को बताया कि 31 अक्टूबर को सुबह करीबन 09 से 10 बजे के आस पास पिता फेरूराम बघेल 77 वर्ष सायकल से अर्जुन्दा से टिकरी जा रहे थे। इस बीच टिकरी मोड़ तालाब के पास मोटर सायकल चालक अर्जुन्दा निवासी गुमान यादव ने मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर पिताजी को सायकल सहित ठोकर मार दी। इससे उनके पिताजी फेरूराम बघेल को गंभीर चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अर्जुन्दा अस्पताल लाया, जहां से रिफर करने पर भिलाई के एक अस्पताल ले गए।

### मारपीट के आरोप खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** शहर के रेस्ट हाऊस के पास बैठे मुस्कान बंदेवार ने सन्नी खान पर पत्थर के टुकड़े से मारने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शहर के वार्ड क्रमांक 11 जवाहरपारा निवासी मुस्कान बंदेवार ने पुलिस में रिपोर्ट करते हुए बताया कि वह मंगलवार रात करीबन 8 बजे रेस्ट हाऊस बालोद के पास बैठा था। उसी समय सन्नी खान आया और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर धमकी देते हुए मारपीट करने लगा एवं पास में पड़े पत्थर के टुकड़े से मेरे सिर में मार दिया। मुस्कान बंदेवार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सन्नी खान के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली 12 तक, जिले के युवा 6 व 11 को होंगे शामिल

**बालोद।** भारतीय थलसेना भर्ती अंतर्गत 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ नगर में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 6 एवं 11 दिसंबर को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हो रहे युवाओं के लिए नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 06 दिसंबर एवं 11 दिसंबर 2024 की तिथि निर्धारित है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। जिसमें शारीरिक परीक्षा की तिथि व समय का उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के युवा इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अंतर्गत केवड़ाबाड़ी मंगल भवन में ठहरने के लिए प्रभारी अधिकारी कविता बेहरा जिनका मोबाईल नंबर 9131114182 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी केशव सारथी, जिनका मोबाईल नंबर 7999314154 है।

**सियासत :** जिला कांग्रेस में भूचाल, उल्टी पड़ गई जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी की बाजी

# शहर अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष निष्कासित प्रदेश संगठन ने किया बहाल, जिलाध्यक्ष से सवाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों में चल रही आपसी खींचतान का मामला बुधवार को खुलकर सामने आ गया। इतना ही नहीं, यह मामला प्रदेश संगठन तक पहुंच गया। उसके बाद इस पर प्रदेशस्तर के पदाधिकारी ने जिला प्रमुख के आदेश को न सिर्फ उलट दिया, बल्कि उन्हें ही कटघरे में खड़ा करते हुए 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने का फरमान जारी कर दिया।

▪ प्रदेश महामंत्री ने निष्कासन पर लगाई रोक, जिला अध्यक्ष से 24 घंटे में मांगा स्पष्टीकरण

ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी और ज़िला उपाध्यक्ष जोगेंदर छाबड़ा पर अनुशासनहीनता बरतने का आरोप लगाते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया। लेकिन, शाम होते होते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मलकीत सिंह ने आदेश जारी कर न सिर्फ दोनों पदाधिकारियों पर की गई अनुशासनहीनता के लिए किए गए निष्कासन पर रोक लगा दी, बल्कि ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल से ही दोनों पदाधिकारी पर की गई कार्रवाई को लेकर 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का आदेश भी जारी कर दिया। इधर ज़िला कांग्रेस कमेटी की कार्रवाई किए जाने ओर उधर प्रदेश से रोक के आदेश पर कांग्रेस की राजनीति में जहां बवाल मच गया, वहीं बताया जा रहा है कांग्रेस की इस अंदरूनी लड़ाई का यह विवाद आगे और भी गहराने की संभावना है।

**कांग्रेस के दोनों पक्ष का राजधानी कूच, बड़े नेताओं से भेंट मुलाकात**



कांग्रेस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष के निष्कासन की कार्रवाई होते ही हड़कंप मच गया। वर्तमान में दोनों पदाधिकारी पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के समर्थकों के रूप में गिने जाते हैं। वहीं, ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल कांग्रेस के कद्दावर नेता रविंद्र चौबे के खेमे के खास नेताओं में गिने जाते हैं। दोनों पक्ष राजधानी रायपुर पहुंचे और सीनियर नेताओं से भेंट मुलाकात कर अपना अपना पक्ष रखा।

**शहर कांग्रेस अध्यक्ष पर 6 बिंदुओं में आरोप**

बुधवार सुबह ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने पत्र जारी कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी को 6 बिंदुओं का आधार बताते हुए निष्कासन की कार्रवाई की थी। इसमें उल्लेख किया गया था कि आप कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष हैं। आपके द्वारा पार्टी नियम के विरूद्ध कार्य करना पार्टी अनुशासनहीनता के दायरे में मानते हुए कहा कि 28 अक्टूबर एवं 4 नवंबर पुतला दहन में सूचना नहीं निकालना ओर उक्त कार्यक्रम में पार्टी कलोगों को नहीं आने की सलाह के साथ ही जिला अध्यक्ष के आदेश को नहीं मानना धारा 19 (च) (4) के अनुशासन का उलंघन अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। इसी तरह धारा 19 (च) (4) के अनुशासन उलंघन में (ड) जानबुझ कर ऐसे काम करना जिससे कांग्रेस की प्रतिष्ठा के घटाते हुए कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के विरूद्ध प्रचार किया जाना ।ज़िला कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर स्थित कांग्रेस भवन के हिसाब के देने बीते वर्ष 5 जुलाई 2021 कि हुई कोर कमेटी कि बैठक में जिला अध्यक्ष ने हिसाब देना कहा गया परन्तु जिससे वर्षों बीत जाने के बावजूद नहीं दिया धारा गया जो पार्टी के नियमों के 19 (च) के चार (ग) के अनुसार कोष के दुरूपयोग मे शामिल होना जहां पाया जाता है वही ज़िला कांग्रेस कमेटी के बिना सहमति व मीटिंग

अंदोलन करना के अलावा पार्टी संविधान कि धारा 6 के अन्तर्गत कोई पदाधिकारी लगातार 2 कार्यकाल से अधिक अपने पद पर नहीं रह सकता आप लगातार तीन कार्य काल पूरा कर रहे है यह संविधान विरूद्ध है।

**नियमों के तहत की गई कार्रवाई**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष व ज़िला उपाध्यक्ष पर निष्कासन की कार्रवाई पार्टी संविधान के नियमों के तहत की गई है। रही बात प्रदेश महामंत्री के रोक या स्पष्टीकरण आदेश की, तो इस तरह का पत्र मेरे संज्ञान में नहीं है और न ही मिला है।

\- **बंशी पटेल,** ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बेमेतरा

**जिला कांग्रेस को कार्रवाई का अधिकार नहीं**

ब्लॉक अध्यक्ष पर निष्कासन की कार्रवाई का अधिकार जिला कांग्रेस को नहीं है। पूरे प्रकरण को हमने प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखा था और प्रदेश नेतृत्व ने जिला कांग्रेस की इस कार्रवाई पर रोक लगाते हुए जिला अध्यक्ष द्वारा किए गए निष्कासन को निरस्त कर दिया है।

\- **सुमन गोस्वामी,** शहर कांग्रेस अध्यक्ष

## स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव प्रिंयंका जिला चिकित्सालय पहुंचीं, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विशेष सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ प्रियंका शुक्ला ज़िला चिकित्सालय में स्टेट नोडल अधिकारी एवं राज्य क्वालिटी टीम के साथ तड़के ओपीडी खुलने से पहले धमक गईं। इस दौरान उन्होंने लेबर वार्ड, एनआरसी, भर्ती वार्ड, आपातकालीन कक्ष के साथ ही पैथोलॉजी, एक्सरे सहित एक-एक वार्ड का टीम के साथ निरीक्षण किया।

इस बीच विशेष सचिव के अस्पताला पहुंचने की जानकारी मिलते ही अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। तत्काल सीएमएचओ सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत कुमार ध्रुव, डीपीएम लता बंजारे, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु व डॉक्टर, अस्पताल स्टाफ भागे भागे पहुंचे। विशेष सचिव डॉ प्रियंका शुक्ला ने अपने राज्य स्तरीय टीम के साथ फार्मेसी, अकाउंट, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम का संचालन व सुविधा का जायजा लेते हुए अस्पताल में उपस्थित मरीजों से चर्चा की। खासकर गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को किचन में जाकर जांचा। उसके बाद जिला अस्पताल प्रमुख के साथ बैठक की और चिकित्सक तथा स्टाफ की कमी को जितनी जल्दी हो सके, दूर करने के लिए शीघ्र पूर्ति करने की बात कही।

## भाजपा संगठन चुनाव के लिए बढ़ी सरगर्मी, युवा बनेंगे मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा में संगठन चुनाव के लिए सियासी कवायद शुरु हो गई है। प्रदेश संगठन द्वारा चुनाव कराने के लिए जिला भाजपा के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस बार जिला अध्यक्ष के लिए आयु सीमा तय कर दी गए है। इससे युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उम्रदराजों में थोड़ी निराशा है। भाजपा में सदस्यता मुहिम खत्म होने के बाद संगठन चुनाव की प्रक्रिया बूथ गठन से शुरु हो गई है। संगठन चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रदेश संगठन द्वारा सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। बेमेतरा भाजपा में चुनाव करवाने भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संगठन चुनाव 1 से 15 दिसंबर तक मंडल फिर जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के लिए कई अर्हताएं निर्धारित कर दी हैं। अब 35 से 45 वर्ष का कार्यकर्ता ही मंडल अध्यक्ष का चुनाव लड़ सकेगा। यानी पार्टी बूथ कमेटियों के गठन बाद मंडल प्रक्रिया में तेजी आ गई है।पार्टी युवाओं को संगठन की कमान देना चाहती है, लेकिन यह भी जरुरी है कि वह पार्टी में 10 साल से सदस्य व 2 बार सक्रिय सदस्य हो। वहीं जिला अध्यक्ष के लिए 45 से 60 साल की उम्र तय की गई है। अन्य पदाधिकारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। वैसे संभावना बताई जा रही है कि 10 दिसंबर तक मंडल का चुनाव पूरा हो जाएगा। जिला अध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों के लिए अधिक दावेदार होने पर सासंद विधायक से मंथन कर किसी एक दावेदार पर सहमति बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

▪ जिला भाजपा संगठन के लिए रामू रोहरा पर्यवेक्षक बनाए गए

**कार्यकर्ताओं में उत्साह**

सदस्यता अभियान तीस नवंबर को समाप्त हो गया है। इसके साथ ही सक्रिय सदस्यता आवेदन प्रपत्र बुक जिला कार्यालय में जमा करने का सिलसिला जारी है। जिला भाजपाध्यक्ष द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को बुक जिला कार्यालय में अनिवार्य रुप से जमा करने कहा गया है। वहीं बूथ कमेटियों के गठन बाद फार्मेट भी मंडल स्तर पर जमा किए जा रहे हैं। संगठन चुनाव प्रक्रिया में तेजी के साथ ही कार्यकर्ताओं की गहमागहमी बढ़ गई है।

## थान खम्हरिया में हुई परख परीक्षा



**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर, थान खम्हरिया में बुधवार को शासन की योजनानुसार परख परीक्षा का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। परीक्षा में कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

परीक्षा आयोजन से पहले कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके आधार पर मुख्य परीक्षा संचालित हुई। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विशेष प्रबंध किए गए। पर्यवेक्षक के रूप में शशिकांत देशमुख (साजा), प्रतीक साहू (गैदपुर) तथा निरीक्षण अधिकारी सत्यदेव गंधर्व (संकुल समन्वयक, टेढ़ी) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम रायपुर के सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत भी परीक्षा प्रक्रिया का अवलोकन करने पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य लखन लाल साहू, विश्वनाथ कोशिक, वेदप्रकाश जायसवाल, पूर्णिमा


▶▶| शेष पेज 11 पर


## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने लिया वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टोरेट परिसर में स्थित वेयरहाउस का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। यह निरीक्षण चुनाव से संबंधित सामग्री, जैसे ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। राजनीतिक दलों के नेताओं ने वेयरहाउस में रखी गई सामग्री की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

वेयरहाउस की सुरक्षा में लगे अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सभी ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री सुरक्षित हैं और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से उनकी निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के बाद, राजनीतिक दलों ने संतोष जताया और आश्वासन दिया कि वे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी तरह से सहयोग करेंगे। कलेक्टरेट परिसर में स्थित वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामकृष्ण साहू भी मौजूद थे। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुरक्षा व्यवस्था और चुनाव सामग्री की निगरानी के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आश्वस्त किया कि सभी चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगी। एसपी रामकृष्ण ने वेयरहाउस की सुरक्षा को लेकर जानकारी साझा करते हुए


▶▶| शेष पेज 11 पर


## वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में आगामी 14 दिसम्बर होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

▪ प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमारने बैंक अधिकारियों की ली बैठक

उक्त बैठक में बैंक अधिकारीयों ने नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन के लिए अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन एवं चेक बाउंस के प्रकरणों को समय-सीमा में चिन्हांकित कर निराकरण कर प्रस्तुत करने एवं नोटिस तामिली कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि ऐसे विशेष प्री-लिटिगेशन मामलें जिनमें नोटिस तामिल से पक्षकार यदि बच रहे हैं, तो उनकी सूची बनाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के माध्यम से क्षेत्राधिकार के थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर पक्षकारों के साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा कराने का प्रयास किया जा सकता है। अध्यक्ष


▶▶| शेष पेज 11 पर


**मंडी परिसर में 7 दिसंबर से होगा रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन**

## सामूहिक रूप से यजमान बन कर यज्ञ में डाल सकते हैं आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में नगर की सुख-समृद्धि के लिए होने वाले यज्ञ की तैयारी तीव्रगति से जारी है। यह यज्ञ 7 दिसंबर से दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद की देखरेख में किया जा रहा है। इस संबंध में बुधवार को सभा हुई, जिसमें श्री ज्योतिर्मयानंद दंडी स्वामी ने कहा कि 7 दिसंबर से 15 दिसंबर तक रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कराया जायेगा। इसमें अधिक से अधिक धर्म प्रेमी यजमान बनकर यज्ञ में भाग ले सकते हैं। वैदिक रीति से यज्ञ कराने हर एक व्यक्ति सामर्थ्यवान नहीं होता ना ही यज्ञ के अनुरूप धन और समय लगा सकता है। इसलिए यह अवसर बहुत ही पावन और पुनीत है। हिंदुओं में अगहन मास विशेष रहता है। इसमें सामूहिक रूप से यजमान बन कर अपना धार्मिक यज्ञ में होम आहुतियां डाल सकता है। इसलिए जन सहयोग के लिए टीम बनाई गई है, जो नगर में हर एक व्यक्ति हर एक दुकान जा जाकर यज्ञ के लिए सहयोग मांगेंगे। स्वामी जी कहा कि वैश्विक विपदा कोरोना काल में भी जो परिवार का सदस्य अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं, उनकी तस्वीर भागवत मंच के पास लगाकर उनकी आत्मा को भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष करा सकते हैं, जिसकी व्यवस्था भी भागवत व्यास मंच के पास की जा रही है। वैदिक काल से मान्यता है कि भागवत सुनने से जीवात्मा परमात्मा के शरण में जाकर मोक्ष को प्राप्त करता है।

▪ जोर-शोर से की जा रही है कार्यक्रम की तैयारी

**प्रचार के लिए वार्डवार निकाली जा रही है संगीतमय प्रभातफेरी**

यज्ञ को जन जन तक पहुंचाने वार्ड वार संगीतमय प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसकी एक टीम बनाई गई है। हर प्रकार से यह सुनहरा और भाग्यशाली समय है। यज्ञ में और भागवत कथा में अधिक अधिक उपस्थित हों, ज्ञान कथा का आनंद और धार्मिक भाव का लाभ उठाएं। इस दौरान शत्रुहन साहू जिलाध्यक्ष सर्व हिन्दू समाज बेमेतरा लेखमणि पाण्डेय उपाध्यक्ष छग सर्व ब्राह्मण समाज जितेंद्र शुक्ला जिलाध्यक्ष ब्राह्मण समाज, नंदकिशोर पाण्डेय, ललित विश्वकर्मा , प्रहलाद मिश्रा ,सुयश तिवारी ,चंद्रिका शर्मा, सतीश कसार, महेंद्र गुप्ता, महेश शर्मा ,पंडित प्रशांत शर्मा, पंडित अखिलेश तिवारी ,दीपक पाण्डेय, दिव्यांशु शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी भारतीय नौसेना दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नौसेना के उन शूरवीरों को अपनी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के जवान साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और आपदा राहत के दौरान सराहनीय भूमिका निभाई है। उनकी सेवा और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।

### जिले में 13 हजार 408 टन धान खरीदी

**रायपुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी जारी है। जिले में मंगलवार को 3 हजार 25 किसानों से 13 हजार 408 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह इन किसानों से 30 करोड़ 85 लाख रुपए धान की खरीदी हुई। इस खरीदी के बाद जिले में अब तक 139 उपार्जन केंद्रों में 36 हजार 112 किसानों से 1 लाख 52 हजार 403 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से अब तक 350 करोड़ 75 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### शासकीय हाईस्कूल उरला में किया पौधारोपण

**रायपुर।** एसकेए स्टील एंड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड उद्योग द्वारा सीईआर के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम पर द्वितीय चरण के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल उरला में पौधारोपण किया गया। साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 वाटर कूलर भी स्थापित किए गए। इस मौके पर पॉवर लिमिटेड के महाप्रबंधक अखिल अग्रवाल ने कहा कि उनके उद्योग की इस पहल से अब गर्मी के दिनों में पाठशालाओं के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध होगा।

### धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी प्रभारी हटाए गए

**रायपुर।** जिले के धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी में निरीक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी एनआरके चंद्रवंशी द्वारा पाया गया कि उपार्जन केंद्र के प्रभारी मुकेश बैष्णव द्वारा बिना ड्रेनेज के धान की स्टेकिंग की गई है, जबकि शासन की उपार्जन नीति में प्रावधान है कि धान का स्टेकिंग ड्रेनेज के ऊपर की जाए। इस प्रकार मुकेश वैष्णव द्वारा धान उपार्जन के नियमों का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई।

### निजी स्कूल के अकाउंटेंट ने की छह लाख की धोखाधड़ी



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना में एक निजी स्कूल के प्राचार्य ने अपने यहां काम करने वाले एक अकाउंटेट के खिलाफ छह लाख 17 हजार रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गबन की जानकारी पालकों को फीस के बदले कच्ची रसीद देने तथा ऑडिट रिपोर्ट से स्कूल प्रबंधन को मिली। पुलिस के मुताबिक महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य बिरेंद्र माहेश्वरी ने सविता साहू के खिलाफ गबन की शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि सविता उनके स्कूल में सितंबर 2022 से जुलाई 2024 तक अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थी। स्कूल प्राचार्य के अनुसार सविता ने इस साल मार्च से जुलाई के बीच फीस की राशि गबन की है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि अकाउंटेंट ने छात्रों की फीस की जमा रकम को बैंक में जमा करने के बजाय अपने पास रख ली। अकाउंटेंट ने जुलाई में अपनी शादी के समय पालकों को जमा शुल्क की पक्की रसीद देने के बजाय कच्ची रसीद दी थी। आय-व्यय में भिन्नता पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन ने इसकी जांच कराई, तो अकाउंटेंट द्वारा फीस की राशि में गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।

# 20 हजार से ज्यादा बूथों में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। मंगलवार से मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनाने का काम चल रहा है। अब तक 20 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। बचे बूथों में से जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनेगी। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव चल रहा है। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया है। दो दिनों बाद यह समय सीमा भी समाप्त हो जाएगी। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक तीन दिसंबर की स्थिति में 20 हजार दो सौ बूथों में बूथ कमेटियों का गठन हो चुका है। अभी छह जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा, संभावना है कि पांच दिसंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बन जाएंगी।

अलग खबर

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हे सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया, पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा।

## मुख्यमंत्री साय बोले- हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित बनाएंगे

# भाजपा ने मनाया जनादेश दिवस सीएम साय ने खुद भी फोड़े पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर जनादेश दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पार्टी की जीत की सालगिरह मनाई और अपने उत्साह व उल्लास को व्यक्त किया। पिछले वर्ष 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे, जिसमें भाजपा ने ऐतिहासिक जनादेश के साथ शानदार जीत अर्जित की थी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, 3 दिसंबर को हम सभी लोग जनादेश दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी केंद्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाई। श्री साय ने कहा, तब श्री साव ने नेतृत्व महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को साथ लेकर कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए, कांग्रेस की भूपेश सरकार के गलत कार्यों के विरुद्ध जनमत





तैयार करने के लिए संघर्ष और आंदोलन किए। श्री साय ने कहा, तब कोई यह मानने को तैयार ही नहीं था कि भाजपा की सरकार बनेगी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार तो इतना ओवर कॉन्फिडेंस में थी कि सरकार तो कांग्रेस की बनेगी, सबने मिलकर तत्कालीन सरकार और कांग्रेस पार्टी की मुखालफत की और चुनाव जीतने में सफल हुए। श्री साय ने कहा, पूरे प्रदेश में सुशासन देने का हमारा संकल्प है। श्री साय ने कहा कि आज कई क्षेत्रों में जो भ्रष्टाचार का रास्ता था, हम उसे बंद कर रहे हैं। हम सभी लोग मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### अब विष्णु का सुशासन : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, एक साल पहले छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका था। आज राज्य में विष्णु का सुशासन है और प्रदेश विकास की ओर तेज गति से बढ़ रहा है। श्री साव ने तब कही गई अपनी बात को भी याद किया कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता न डरेगा, न झुकेगा और राज्य की अन्यायी, अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके बिना चैन की नींद नहीं सोएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, किशोर महानंद, सौरभ सिंह, नरेश चंद्र गुप्ता, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जयंती पटेल, छगनलाल मूंदड़ा, सचिदानंद उपासने, केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने, राजीव चक्रवर्ती, अंजय शुक्ला, सलीम राज, अशोक बजाज, सुनील पिल्लई, मितुल कोठारी, तौकीर रजा, उमेश घोरमोड़े, गौरी शंकर श्रीवास, अभिनेश कश्यप, राहुल टिकरिया, सुनील चौधरी, सत्यम दुआ, जेपी चंद्रवंशी, विश्वादिनी पांडेय, किरण बघेल, तुषार चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मूणत ने हीरापुर अटारी में स्कूल-कालेज के लिए दिलवाया फंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत का अपने क्षेत्र के वार्डों के स्कूल-कालेजों में सुविधाएं दिलाने का अभियान जारी है। इस बार उन्होंने वीर सावरकर नगर (हीरापुर-जरवाय, अटारी) इलाके के सरकारी स्कूल और कालेज में जरूरत के मुताबिक प्रार्थना शेड और कमरों में सीपेज की मरम्मत तथा कालेज में फेंसिंग समेत सामुदायिक भवन और सीसी रोड के लिए 30 लाख रुपए से ज्यादा का फंड दिलवाया है। श्री मूणत ने इन सभी कार्यों का भूमिपूजन भी कर दिया। सभी काम बुधवार-गुरुवार तक चालू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, इस वार्ड की बड़ी आबादी सरकारी स्कूल-कालेजों पर निर्भर है। वहां अध्ययनरत छात्रों और टीचिंग स्टाफ की शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी हर जरूरत पूरी की जाएगी। उन्होंने स्कूल मेंटेनेंस और सीसी रोड के लिए सीएम साय तथा डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की तैयारी, सवा दो लाख वेतन, तीन साल का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होगी। इस एक पद के लिए सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आवेदन बुलाए हैं। खास बात ये है कि यह नियुक्ति तीन साल के लिए होगी और मुख्य सूचना आयुक्त का मासिक वेतन सवा दो लाख रुपए महीना होगा। यह पद लंबे समय से खाली है। अब से पहले इस पद के लिए सितंबर 2022 और फरवरी 2024 में भी आवेदन बुलाए गए थे, लेकिन उस समय भर्ती नहीं की गई थी।




राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ ने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए आवेदन मंगाए हैं। ये आवेदन 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे। बताया गया है कि इस पद के लिए भारत का कोई भी नागरिक आवेदन कर सकता है। इस पद के लिए योग्यता ये है कि आवेदक विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंध, पत्रकारिता जनसंपर्क, माध्यम या प्रशासन और शासन में व्यापक ज्ञान का अनुभव रखने वाला प्रख्यात व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य नहीं होगा या कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करेगा। किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होगा। ये साफ किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति के पहले संबंधित व्यक्ति को लाभ का पद, कोई कारोबार या व्यापार छोड़ना या बंद करना होगा। 65 साल की आयु प्राप्त करने वाले व्यक्ति नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

### नए विधायक सोनी एक्शन मोड में

## विकास का रोडमैप बनाने जोन आयुक्तों को निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण से जीतने वाले भाजपा के विधायक सुनील सोनी जीत के बाद अब अपनी विधानसभा के विकास के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार को नगर निगम के कमिश्नर और अपनी विधानसभा के नगर निगम के चार जोन के आयुक्तों को बुलाकर जहां रायपुर दक्षिण में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली, वहीं विकास का रोड मैप भी बनाने के निर्देश दिए हैं। सुनील सोनी ने जोन आयुक्तों से दो टूक कहा, किसी भी हाल में विकास के कामों में लापरवाही नहीं चलेगी। सभी योजनाओं के कामों को समय पर पूरा करना है। उन्होंने विधानसभा के वार्डों में चल रही योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा विधानसभा में हर तरह के विकास कार्यों को पूरा करना है। जनता के हितों वाली योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। किसी भी हाल में विधानसभा की जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, सरिता दुबे, सरिता वर्मा, सावित्री साहू के साथ नगर निगम कमिश्वर अबिनाश मिश्रा, स्मार्ट सिटी के उज्जवल पोरवाल सहित चार जोनों करे आयुक्त उपस्थित थे।

## पीएम आवास 2.0 दस्तावेज के अभाव में हितग्राहियों के आवेदन निरस्त नहीं करें, देना है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने के मामलों को सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इस संबंध में कहा है कि ऐसा करने से संभव है कि पात्र हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग दस्तावेज के अभाव में शासन की योजना से वंचित हो जाएगा, जबकि यह शासन की महती योजना है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें योजना का लाभ देना है। दस्तावेज की कमी वाले आवेदकों को रियायत देने कहा गया है।




### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास मिशन के तहत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजन 2.0 लागू की है। पिछले महीने नवंबर से योजना लागू होने के बाद 15 नवंबर से ही राज्य के सभी नगरीय निकायों में भारत सरकार के यूनिफाइड़ वेब पोर्टल रैपिड असेसमेंट सर्वे भी प्रारंभ किया जा चुका है। इस सर्वे में सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के निर्देश हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक का आधार विवरण, परिवार के सदस्यों का आधार विवरण, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और भूमि दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

### सामने आई ये गड़बड़ी

सूडा ने पाया है कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ नगरीय निकाय योजना के तहत हितग्राहियों द्वारा रैपिड असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत आए आवेदनों को दस्तावेज के अभाव में निरस्त किया जा रहा है। सूडा का कहना है कि योजना के तहत हितग्राही सर्वेक्षण प्रारंभ किए जाने के लिए शासन का मूल उद्देश्य समस्त संभावित लाभार्थियों को योजना के तहत आवास उपलब्ध कराना है। लेकिन दस्तावेजों की कमी के कारण हितग्राहियों के आवेदन निरस्त किए जाने से हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग शासन की इस योजना से वंचित हो जाएगा। ऐसे हितग्राहियों के लिए अब ये छूट दी गई है।

### अब दिए गए हैं ये निर्देश

सूडा ने अब निकायों से कहा है कि हितग्राहियों के आवेदनों को दस्तावेज की कमी के कारण तत्काल निरस्त न करते हुए संबंधित हितग्राहियों के दस्तावेज की पूर्ति के लिए समय दें, जिससे अधिकतम हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। हितग्राहियों को अनिवार्य दस्तावेजों जैसे जाति प्रमाणपत्र आय प्रमाणपत्र के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से नगरीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत समन्वय स्थापित कर संभावित हितग्राहियों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग दें।

### धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत किसानों से की चर्चा

# प्रदेशभर के धान खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था किसानों की समस्या से अवगत हुए कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी में किसानों की समस्याओं को देखने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस ने प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में 'धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया।' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विभिन्न सोसाइटियों में जाकर किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायकों और पूर्व विधायकों सहित जिला अध्यक्षों ने भी अपने-अपने जिलों में धान खरीदी केंद्रों का



निरीक्षण कर किसानों की समस्या जानी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बस्तर के छापरभानपुरी, तरन्जी, बरान्जी, टोकापाल धान खरीदी केन्द्र जाकर व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा धान बेचने आये किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि बारदाने की कमी है, टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, किसानों को भुगतान मात्र 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रहा है। 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के खरोरा के ग्राम माठ के धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सबसे ज्यादा टोकन को लेकर परेशानी आ रही है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है।

### जिले में इन नेताओं ने किया दौरा

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, उधोराम वर्मा ने धरसींवा धान खरीदी केंद्र और सांकरा धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंहदेव ने यहां किया दौरा

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव महासमुंद के पिथौरा, राजाडेरा एवं बिलाईगढ़ के सरसींवा सोसाइटी गये। इन सोसाइटियों में भी किसान बारदाने, टोकन, कम तौल एवं उठाव की समस्या से परेशान हो रहे हैं।

## पीएम आवास योजना सर्वे में भेदभाव व अन्य मुद्दों पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

### शहर कांग्रेस ने ली पार्षद दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर नगर निगम के पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टैक्स वसूली के नाम पर आम जनता को परेशान करना, बढ़ते हुए बिजली बिल एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भेदभाव के साथ रायपुर राजधानी में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप जैसी समस्या को लेकर चर्चा हुई ।



शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि भाजपा की सरकार में आम जनता को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। बढ़ते हुए बिजली बिल और टैक्स वसूली के नाम पर निगम द्वारा लोगों के घरों में टैक्स की रसीद को चस्पा कर वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है। निगम एवं जिला प्रशासन भाजपा के दबाव में कार्य कर रही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है इन सभी मुद्दों को लेकर हम आगामी दिनों में जोन वार आंदोलन करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा प्रमोद दुबे पंकज शर्मा आकाश शर्मा सहित कई पार्षद मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल रमेन डेका का किया प्रकृति परीक्षण

**रायपुर।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका का प्रकृति परीक्षण किया गया। 26 नवंबर संविधान दिवस से शुरू हुए इस अभियान के तहत राज्य के 15 लाख नागरिकों के आयुर्वेदीय सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) का परीक्षण मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा किया जाएगा। राज्यपाल के प्रकृति परीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक आयुष डॉ. सुनील दास, प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार एवं राज्य समन्वयक डॉ. संजय शुक्ला, रीडर डॉ. ओमप्रकाश राउत एवं डॉ. विनय भारद्वाज उपस्थित थे। एक बड़ी जनसंख्या आधुनिक जीवनशैली, अनियमित खानपान और शारीरिक श्रम में कमी के कारण मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसे अनेक गैर संचारी रोगों का शिकार है। युवा फास्ट-फूड और नशाखोरी के लत के कारण इन गैर संक्रामक बीमारियों के चंगुल में आ रहे हैं, जो मानव संसाधन के उत्पादकता को प्रभावित कर रहा है। प्रकृति परीक्षण के उपरांत प्राप्त होने वाले आयुर्वेदिक परामर्श, योग तथा व्यायाम से इन रोगों के बचाव और नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

### 'आंबेडकर' की डॉ. मान्या ने दिया बैंकाक में व्याख्यान

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल की नाक-कान-गला रोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर ने इंटरनेशनल ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी साइंटेक्स कॉन्फ्रेंस 2024 बैंकाक थाईलैंड में मॉडरेटर चेयरपर्सन के रूप में अपनी भागीदारी निभाई।

## पेज 9 के शेष

### थान खम्हरिया ...

गौतम, तथा सुनील यादव ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रविन्द्र यादव, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय थान खम्हरिया ने नोडल अधिकारी के रूप में परीक्षा संचालन को सुनिश्चित किया।

### राजनीतिक दलों के ...

बताया कि पूरे परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सुरक्षा बलों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके।

### वर्ष का अंतिम ...

द्वारा पक्षकारों के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सीटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किये जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने का निर्देश भी दिया गया।

# रेलवे के ट्रांसप्लांट पेड़ों को पुनर्जीवित होने में लगेगा 3 महीने का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे विकास कार्यों की जद में आ रहे पेड़ों को काटने के बजाय ट्रांसप्लांट तकनीक से रेलवे प्रशासन ने दूसरी जगह शिफ्ट कर नया जीवन देने का कार्य किया है। अभी तक 20 से अधिक पेड़ों को रेलवे स्टेशन की पीछे तरफ शिफ्ट किया जा चुका है। हरिभूमि की टीम मंगलवार को पेड़ों का जायजा लेने पहुंची। कुछ पेड़ में पत्ते मुरझाए व सूखे हुए थे, तो वहीं कई पेड़ों में नई खुली हुई डंगाल भी देखने को मिली। ट्रांसप्लांट टीम का कहना है कि तीन महीने अच्छी देखभाल से इन पेड़ों में नई जान स्थापित की जा सकती है। इसके लिए जड़ों तक पानी पहुंचना जरूरी है। अभी 15 से 20 दिनों में पेड़ों की स्थिति देखकर यह कहना मुश्किल होगा कि यह पेड़ कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा। बता दें कि रेलवे की ओर से प्रतिदिन एक टैंकर से अधिक पानी पेड़ों को दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि 80 प्रतिशत ट्रांसप्लांट तकनीक से पेड़ बच जाते हैं। जड़ों के अंदर फैलने के बाद पेड़ पुनर्जीवित हो जाते हैं।

### 20 पेड़ों को हर दिन एक टैंकर से अधिक पानी की आवश्यकता

- ट्रांसप्लांट टीम ने कहा कि पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद नई जड़ों के विकसित होने में लगता है समय
- गर्मी तक विशेष देखभाल की जरूरत, पानी की कमी होने से खत्म हो जाएंगे सभी पौधे



#### पानी की कमी हुई तो व्यर्थ हो जाएगी मेहनत

पेड़ों को नियमित पानी पहुंचाने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। ट्रांसप्लांट में 80 साल के भी पौधे हैं। टीम का कहना है कि ऐसे पौधों को नई जगह में पुनर्जीवित होने से 3 महीने से भी अधिक समय लग जाता है। दो महीने के बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसे में नियमित पानी नहीं मिलने से पूरी मेहनत व्यर्थ हो सकती है।

#### 100 से अधिक पेड़ों का लक्ष्य

रेलवे ने 100 से अधिक पेड़ों को तकनीक के जरिए ट्रांसप्लांट करने का लक्ष्य बनाया है। यह कार्य जारी है। रेलवे गुढ़ियारी की ओर रेलवे कॉलोनी में लगे 22 पेड़ों को शिफ्ट कर चुका है, जिसमें आम, नीम और पीपल समेत छायादार पेड़ शामिल हैं। जमीन को पानी से नर्म कर लगभग 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पेड़ों को जड़ों के साथ निकालकर फिर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया। दावा है कि तीन से चार महीने यह पौधे हरे भरे हो जाएंगे।


### आवाजाही का अतिरिक्त खर्च, दूसरे राज्यों से नहीं मिल पा रहे कैडेवर डोनरों के अंग

# दो साल में केवल नौ परिवार ही अंगदान को हुए तैयार, 168 जरूरतमंद कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिमागी रूप से मृत हो चुके मरीजों के अंगों से कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। दुखी परिवार को यह समझाना बड़ा मुश्किल काम है। इसकी वजह से राज्य में पिछले दो साल में केवल नौ परिवार ब्रेनडेड सदस्यों के अंगदान करने को तैयार हुए हैं। राज्य में अभी 168 लोगों को ऐसे लोगों से मिलने वाले किडनी, लिवर सहित अन्य अंगों का इंतजार है। राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोट्टो) के नेतृत्व में विभिन्न पंजीकृत अस्पतालों में लोगों को अंगदान का महत्व समझाने के लिए टीम काम कर रही है। उन्हें इस मामले में मिली सफलता जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। राज्य में पहला अंगदान 19 नवंबर 2022 को हुआ था और नौवां कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया अगस्त 2024 में पूर्ण हुई है। इस मामले से जुड़े लोगों को कहना है कि लोगों में अंगों के दान की महत्ता के बजाए विभिन्न तरह की अफवाह ज्यादा हावी है, जिसकी वजह से बहुत कोशिशों के बाद ही थोड़ी सफलता मिलती है। प्रदेश में अंगों की होने वाली उपलब्धता की तुलना में डिमांड ज्यादा है। वर्तमान में सोटो के पास 168 लोगों के आवेदन हैं, जिन्हें किडनी, लिवर के साथ अन्य तरह के अंगों की जरूरत है। छत्तीसगढ़ अंग प्रत्यारोपण के मामले में मुंबई जोन से जुड़ा है, मगर अब तक दूसरे राज्यों से जरूरतमंदों को अंग की उपलब्धता नहीं हो पाई है। इसकी एक वजह अंगों को दूसरे राज्यों से सीमित समय में लाने के लिए आने वाले खर्च की व्यवस्था है। शासन की योजना में इसका प्रावधान नहीं है। राज्य में दो मरीजों से प्राप्त हुए लिवर और लंग्स को जरूर जरूरतमंद मरीज तो प्रत्यारोपित करने के लिए पुणे और नागपुर के हास्पिटल ग्रीन कॉरीडोर बनाकर भिजवाया जा चुका है।

- दो दानवीरों के लिवर और लंग्स बचा चुके नागपुर और पुणे के दो मरीजों की जान



#### हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए इंतजार

*अंगदान के तहत मिलने वाली त्वचा, हार्ट के टिशू, किडनी, लिवर तथा कार्निया का उपयोग जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने के लिए किया जा रहा है। राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा प्रारंभ की जानी है, इसके लिए आंबेडकर अस्पताल में दो आधुनिक तरीके के ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। डीके अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण की योजना अभी अधूरी है।*

#### सत्रह अस्पताल पंजीकृत

*अंग प्रत्यारोपण के लिए राजधानी में मौजूद एम्स सहित 17 अस्पताल पंजीकृत हैं। एम्स के अलावा तीन और अस्पतालों द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा किया जा चुका है। शेष अस्पतालों में अभी इस तरह की स्थिति नहीं बनी है। राज्य में हार्ट से संबंधित टिशू रखने के लिए सत्यसाई संजीवनी हास्पिटल तथा मृत देह से प्राप्त होने वाली त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए डीके अस्पताल में स्किन बैंक बनाया गया है।*

#### कितने आवेदन

- 147 लोगों ने किसी तरह का विकल्प नहीं होने पर किडनी के लिए आवेदन किया है।
- 20 मरीज गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास ट्रांसप्लांट के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है।
- 01 अन्य मरीज को हृदय से संबंधित ऊपरी अंग की आवश्यकता है, सोटो के पास उसका आवेदन लंबित है।

#### क्या मिला अब तक

- 14 परिवारों ने बड़ा निर्णय लेते हुए छोड़कर जाने वाले लोगों की त्वचा दान में दी।
- 14 लोगों से मिला कार्निया दूसरों के जीवन में रोशनी बढ़ाने का कारण बना।
- 05 को हृदय वाल्व और 1 को लिवर प्राप्त हुआ।

# पोटाश बम से घायल हाथी शावक के स्वास्थ्य में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एक माह पूर्व धमतरी तथा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के पास शिकारियों द्वारा वन्यजीवों का शिकार करने बिछाए गए पोटाश बम से गंभीर रूप से घायल हाथी शावक का वन विभाग के अफसर अपनी निगरानी में उपचार अपने परिवार बच्चे की तरह करा रहे हैं। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार के मुताबिक, हाथी शावक की उम्र चार साल के करीब है। पोटाश बम से शावक का जबड़े में चोट लगी है। इस वजह से शावक को चारा चरने और झुंड में होने से शावक के उपचार करने में परेशानी हो रही थी। शावक के झुंड से अलग होने के बाद ट्रैंक्यूलाइज कर रिसगांव के पास लाकर उपचार शुरू किया गया है। अफसर के अनुसार, नियमित उपचार होने से शावक की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

- वन अफसरों की निगरानी में हाथी शावक का हो रहा उपचार

#### चारे में पालक के साथ दे रहे हरी घास

अफसर के अनुसार, शावक को चारे के रूप में नरम पत्ती वाली हरी सब्जियां दी जा रही हैं। हाथी शावक को पूर्व में भोजन के रूप में लिक्विड दिया जा रहा था। स्वास्थ्य में जैसे-जैसे सुधार हो रहा है, शावक को हरा चारा के साथ पालक दी जा रही है। अफसरों को हाथी शावक के जल्द ही स्वस्थ होने की उम्मीद है। हाथी शावक का उपचार अफसरों की देखरेख में किया जा रहा है।

#### सफारी लाकर उपचार करना अंतिम विकल्प

*सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने हाथी शावक को जंगल सफारी लाकर उपचार करने की बात से इंकार करते हुए कहा कि किसी भी वन्यजीव का उपचार उनके प्राकृतिक रहवास में कराना ज्यादा उचित होता है। शावक की स्थिति को देखते हुए वन अफसर ने शावक का जंगल सफारी में लाकर उपचार कराने की बात से फिलहाल इंकार किया है। अफसर के अनुसार, एनिमल पूरी तरह से अशक्त हो जाए, खड़े होने की स्थिति में न रहे। ऐसी स्थिति में ही उसे जंगल सफारी लाकर उपचार कराया जा सकता है।*

*सैनिक कल्याण बोर्ड छग के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक*

# सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में मंगलवार राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हम सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'सशस्त्र सेना झंडा' दिवस निधि के लिए संग्रह बढ़ाने के लिए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं गृह विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। सरकार की सहायता पर ही निर्भर ना रहते हुए समुदाय को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से छत्तीसगढ़ में भूतपूर्ण सैनिक उनके लाभान्वित होंगे। श्री डेका ने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए।

# कलेक्टर शर्मा ने दिलाई टीबी मुक्त भारत की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में टीबी मुक्त भारत के उद्देश्य को साकार करने के लिए लोगों को शपथ दिलाई। लोगों ने प्रतिज्ञा ली कि वे टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए जागरूकता फैलाएंगे और जरूरतमंदों की मदद करेंगे। साथ ही, वे टीबी के मरीजों से भेदभाव न करने और उन्हें उचित सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया।

बता दें कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों की पहचान करेंगी और संदिग्ध मामलों की जांच करवाकर उनका उचित उपचार शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, टीबी से जुड़े मिथकों और गलतफहमियों को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। इस अभियान के तहत, टीबी के मरीजों को मुफ्त दवाइयां और उपचार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत उन्हें पोषण संबंधी सहायता भी दी जाएगी। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान राज्य के सभी जिलों में लोगों को टीबी से बचाने और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

**जागरूकता और उपचार के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान:** जिले में 100 दिवसीय सघन अभियान के तहत क्षयरोग, कुष्टरोग, और वृद्धावस्था से संबंधित जागरूकता और उपचार के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस व्यापक पहल का उद्देश्य इन बीमारियों से प्रभावित लोगों की पहचान करना, उन्हें समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करना और इन रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना है। छयरोग (टीबी) अभियान, इस अभियान के अंतर्गत तपेदिक (टीबी) के लक्षणों की पहचान, जांच और उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगे और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, टीबी के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके और उचित इलाज किया जा सके।


*कबीरधाम कलेक्टर ने संचालकों पर मामला दर्ज करने का दिया नोटिस*

# धान खरीदी केंद्रों में बारदाना देने पीडीएस दुकान संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी को लेकर खरीदी केंद्रों में बारदाना का संकट गहरा गया है। बारदाने की कमी पूरा करने खाद्य विभाग ने सभी राशन दुकान संचालकों को बारदाना जमा करने कहा है। वहीं जिला कबीरधाम में कलेक्टर ने 100 प्रतिशत बारदाना खरीदी केंद्रों में भिजवाने का नोटिस जारी किया है। कबीरधाम जिले में ऐसा न करने पर राशन दुकान निलंबित करने, संचालकों पर जुर्माना लगाने के साथ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किए जाने का उल्लेख नोटिस में किया गया है।

पीडीएस दुकान संचालकों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2020 से 2023 तक के बारदाना की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मामले में अक्टूबर में आंदोलन किया था, तब इसका भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया था। कई जिलों में इसका भुगतान किया गया, पर केवल 80 प्रतिशत भुगतान किया गया है। संचालकों ने कबीरधाम जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का विरोध किया है। आदेश के बाद अब जिले के पीएडीएस दुकान के संचालकों ने सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। पूरे मामले में संचालकों से चर्चा की जा रही है।



#### धान बेचने के एक सप्ताह बाद भुगतान नहीं

*इधर धान बेचने वाले किसानों को धान बेचने के 48 घंटे के अंदर भुगतान किए जाने के का दावा भाजपा सरकार कर रही है, लेकिन बलौदाबाजार जिले के एक किसान संजय कुमार पिता बांके बिहारी अग्रवाल द्वारा टोकन क्रमांक टीके 52001601242500115 के माध्यम से 28 नवंबर को 108 क्विंटल धान बेचा गया था। धान की कुल कीमत 2 लाख 48 हजार 400 रुपए का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हो पाया है। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, भाजपा सरकार किसानों से झूठा दावा कर रही है। किसानों को सही समय पर धान की राशि जारी नहीं की जा रही है।*

#### खाद्य विभाग ने दिया था आश्वासन

खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालको के द्वारा प्रदेश व्यापी बंद के अव्हान के उनके मामले में कई बिंदुओं पर आश्वासन दिया था। इसके तहत सभी लंबित भुगतान किए जाने के साथ अन्य तकनीकी दिक्कतों को ठीक करने का आश्वासन दिया गया था। इन मांगों में से कई मांगे पूरी की गई पर भुगतान आधा अधूरा किया गया। कबीरधाम जिले में संचालकों को एक भी भुगतान नहीं किए जाने से उनमें आक्रोश है।

#### 6 करोड़ का भुगतान शेष

संचालकों ने बताया कि कबीरधाम जिले में राशन दुकान संचालकों द्वारा पिछले चार साल के दौरान धान खरीदी के लिए दिए गए बारदाने के एवज में करीब 6 करोड़ का भुगतान शेष है। बताया जाता है कि मार्कफेड द्वारा राशि जारी किए जाने के बाद भी दुकान संचालकों को भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन के नोटिस का विरोध करते हुए सामूहिक इस्तीफा भी दे दिया है।

### मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के लीडर पर ठगी का केस

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के सीनियर लीडर के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, खुशबू जैन की शिकायत पर मोहित जैन के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। खुशबू ने पुलिस को बताया कि वह मोहित के कहने पर मार्केटिंग कंपनी में वर्ष 2022 अप्रैल माह से रकम निवेश कर रही थी। बदले में मोहित, खुशबू को हर माह रिटर्न दे रहा था। नवंबर 2022 के बाद रिटर्न आना बंद होने के बाद खुशबू ने मोहित से अपने मूल धन वापस देने की मांग की तो मोहित पैसे देने के नाम पर टालमटोल करने लगा। खुशबू ने पुलिस को बताया कि मोहित ने उसके साथ 10 लाख की ठगी की है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।



HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा

47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बिहान योजना के माध्यम से प्राप्त हुई बीमित राशि

**बेमेतरा।** बिहान योजना अंतर्गत कार्य कर रही बीमा सखियों द्वारा जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना के तहत कुल 3 परिवारों को बीमित राशि दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किया गया। इसके तहत ग्राम पंचायत मुरता से मृतक शांति साहू के प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा क्लेम की राशि 2 लाख उनके नॉमिनी जगदीश साहू पति को प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बघुली से मृतक रोहनी सिन्हा के प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि 2 लाख उनके नॉमिनी भूपेंद्र सिन्हा पति को प्राप्त हुए। एवं ग्राम पंचायत नांदल से मृतक संतोष यादव के प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि 2 लाख उनके नॉमिनी रामखेलावन यादव पिता को प्राप्त हुए। उपरोक्त क्लेम की राशि का वितरण भारतीय स्टेट बैंक शाखा नवागढ़ से किया गया। बीमा सखियों ने इन परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे आपदा के समय में उन्हें मदद मिल सके। बीमा सखियों ने जिन परिवारों को बीमित राशि दिलाई है, उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि यह राशि उचित और लाभकारी कार्यों में उपयोग हो। इस बीमित राशि का सादुपयोग करके परिवार अपने वित्तीय संकट से उबरने, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने, और जीवन स्तर में सुधार करने के लिए इसे उपयोग में ला सकते हैं। बीमा सखियों की यह पहल सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गाली गलौज करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूटी से अपने घर जा रहे युवक के वाहन को ठोकर मारकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 281, 296, 351(2), अआर्म्स एक्ट, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

खरीदी केंद्र पहुंचे पूर्व मंत्री रूद्र गुरु, ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी ने लगाए आरोप

# किसानों से कम धान खरीदना चाहती है प्रदेश की भाजपा सरकार : कांग्रेस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत कांग्रेस नेता धान खरीदी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से बातचीत कर समस्याओं को जानने की कोशिश की। इस दौरान कांग्रेस द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा गया। कांग्रेस कमेटी द्वारा अपने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचे कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने यहां किसानों से बात कर समस्याओं को जाना। इस दौरान किसानों ने टोकन को मुख्य समस्या व खरीदी केंद्र में तौल में गड़बड़ी, बारदाना व उठाव की शिकायतें को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

विभिन्न केंद्रों पर पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री रूद्रगुरु, ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष रीना वर्मा मिथलेश वर्मा, पूर्व ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष देवदत वर्मा, बहल वर्मा जयप्रकाश साहू बोधन साहू ,धन्यजय साहू ,दया सिंह वर्मा , सुरेंद्र तिवारी, शक्ति दीवान, जावेद खान , झम्मन बघेल रामनाथ मिरि , सतीश मारकंडे, लाखन सिंह बिसौहा साहू,सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल रहे।

### 3217 रुपए की दर से करे भुगतान

इस दौरान किसानों से चर्चा के बाद ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने कहा कि 14 नवंबर से 31 जनवरी तक ही धान खरीदा जाना है, किंतु किसानों को टोकन नहीं दिया जा रहा है। सरकार इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन के खरीदी लक्ष्य को पूरा नहीं करना चाहती है, जिस कारण सोसायटियों को सीमित खरीदी करने निर्देशित किया गया है। बारदानों की व्यवस्था तक कर पाने में सरकार असफल है। भाजपा ने चुनावी वादे में 3100 रुपए की दर से 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, किंतु उसके बाद केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 रुपए बढ़ाया गया। जिससे अब 3217 रु की दर से अन्नदाता को भुगतान होना चाहिए। पूर्व मंत्री रूद्र गुरु ने कहा कि, भाजपा सरकार बनने के बाद अपने वादे से मुकर गई है ना सिर्फ अनावरी रिपोर्ट गलत दिखा कर 14-15 क्विंटल ही धान लिया जा रहा है, बल्कि सिर्फ 2300 की दर से भुगतान किया जा रहा है, किसान समिति के चक्कर काट रहे हैं बारदाने की व्यवस्था भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जमीनी स्तर पर किसानों के लिए लड़ेंगे।



## पूर्व विधायक छाबड़ा ने किया प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में चल रहे छत्तीसगढ़ नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थल पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा पहुंचे कर उन्होंने नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। ज्ञात हो कि महासंघ नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों का ठेका प्रथा समाप्त किए जाने तथा निकाय में 5 से 10 वर्ष के बीच कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने तथा अन्य विभागों की तर्ज पर 4000 रूपए प्रति माह श्रम सम्मान राशि प्रदान किए जाने की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। इसके अलावा बेमेतरा नगर पालिका परिषद में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित ई पी एफ तथा ईएसआईसी की राशि का भुगतान हर माह वेतन देने की मांग की जा रही है। पूर्व विधायक छाबड़ा ने उनकी मांगों का समर्थन किया है।

इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा 1 वर्ष गुजर जाने के बाद भी कर्मचारी तथा किसान हित में कोई भी कदम नहीं उठा रही है। लोगों ने जिस उम्मीद के साथ इन्हें सत्ता की बागडोर सौंप थी, वह अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। भाजपा की यह सरकार केवल अपनी जेब भरने का कार्य कर रही है। ना तो इन्हें कर्मचारियों की चिंता है और ना ही किसानों की ना ही आम जनता की। भाजपा नेता सत्ता हथिया कर अपने घरों को भरने में लगे हुए हैं। उन्होंने नगर पालिका प्लेसमेंट कर्मचारी संघ की मांग को जायज करार देते हुए भाजपा सरकार से इन्हें शीघ्र पूरा करने की मांग की है। इस अवसर पर सुमन गोस्वामी, ललित विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, रानी डेनिम सेन भी मौजूद रहे।

## गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष बिशेश्वर ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

- मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति में हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष बिशेश्वर पटेल का शपथ ग्रहण समारोह छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ नेताओं और गौ सेवा से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, आयोग के संरक्षक राम बालक दास, संगठन मंत्री पवन साय, पूर्व संगठन मंत्री राम प्रताप सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। समारोह में बेमेतरा जिला से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघानिया, राजा पाण्डेय, सौरभ निर्वाणी,श्री मति प्रज्ञा निर्वाणी जिला जनपद सदस्य , दीपक तिवारी, गणेश अग्रवाल, विष्णु दास वैष्णव, सुंदर बंसल, हरिराम अग्रवाल, अतुल सिंघानिया सहित अनेक गौ भक्त शामिल हुए।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने घोषणा की कि बेमेतरा जिले में जल्द ही गौ-अभ्यारण्य की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, पंजीकृत गौशालाओं के लिए अनुदान राशि को बढ़ाकर 25 से 35 रूपए प्रति गाय करने की पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने गौवंश संरक्षण के महत्व और उससे जुड़े आर्थिक व सांस्कृतिक पक्षों पर प्रकाश डाला।

राम बालक दास ने भी अपने उद्बोधनों में गौ सेवा के प्रति सरकार की नीतियों और जनता की सहभागिता की सराहना की। नवनियुक्त अध्यक्ष बिशेश्वर पटेल ने गौ सेवा आयोग की नई योजनाओं और आगामी कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी और राज्य में गौ संरक्षण को और सशक्त बनाने का वचन दिया।

## भाजपा सरकार विकास व जन कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये बहुत से वादों को पूरा किया है

- जनादेश दिवस पर बेमेतरा विधायक ने जताया जनता के प्रति आभार
- नगर के विभिन्न मंदिर देवालयों में पहुंचकर देवी-देवताओं से लिया आशीर्वाद

और आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। यह बात बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भाजपा सरकार और बेमेतरा विधानसभा में विगत एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज का दिन पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक विशेष और खास है। जनता ने अपने जनादेश के साथ 3 दिसंबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को




ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना की। मैं बेमेतरा विधानसभा के मेरे परिवारजनों को भी प्रणाम करता हूँ और उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ उन्होंने मुझे अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विकास करने का परम सौभाग्य मुझे दिया। मैं उनके इस विश्वास एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहुँगा। इस दौरान विधायक साहू ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ नगर के विभिन्न मंदिर देवालयों में पहुंचकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना क़र आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

### गिनाई सालभर की उपलब्धियां

अपने एक साल की उपलब्धियां गिनाते हुए बेमेतरा विधायक श्री साहू ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं के निवारण के लिए जोहार भेंट तुंहर सेवक तुंहर द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेमेतरा में निःशुक कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी की शुरुआत की गई। बेमेतरा में ही नालंदा परिसर की तर्ज पर 6 करोड़ से अधिक राशि की लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। ताकम डोडंगनिया बस्ती मार्ग शिवनाथ नदी पर 15.66 करोड़ की अधिक राशि की लागत उच्चस्तरीय पुल बनाया जाएगा।

इसी तरह उन्होंने सीसी रोड, महतारी सदन, ज्ञानोदय लाइब्रेरी सहित विभिन्न विकास कार्य होने की बात कही। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, राजू देवांगन, महेश साहू, शहर महामंत्री संतोष वर्मा, युगल देवांगन, कमलेश वर्मा, जितेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले के 92 स्कूलों में हुआ परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण



**बेमेतरा।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी और राज्य के एससीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में परख सर्वेक्षण का बुधवार को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे और डीएमसी नरेंद्र वर्मा के निर्देशन में बच्चों की उपलब्धि व दक्षता को परखा गया। सर्वेक्षण के लिए हिन्दी माध्यम के 71 तथा अंग्रेजी माध्यम के 21 स्कूलों के कक्षा तीसरी, कक्षा छठवीं और कक्षा नवमीं के बच्चों को शामिल किया गया था। बुधवार को सभी फील्ड इन्वेस्टीगेटर प्रातः 9 बजे से ही चयनित विद्यालय पहुंच गये थे। अधिकारियों की टीम ने सभी चिन्हांकित स्कूलों का निरीक्षण किया। तीसरी में कुल 685, छठवीं में 657, और नवमी में 959 बच्चों ने भाग लिया। सर्वे कार्य करने के बाद फील्ड इन्वेस्टीगेटर द्वारा विधिवत सामाग्री के पैकेट सीलबंद कर आब्जर्वर को सौंपा गया। चारों विकासखण्ड के सर्वेक्षण संबंधी पैकेट गोपनीय सामग्री सीबीएसई के द्वारा नियुक्त आब्जर्वर के माध्यम से आरसीसी सेंटर पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा पहुंचाए जाएंगे।

## जिला स्तरीय खेलकूद में नंदनी दूसरे स्थान पर...

**साजा।** विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 3 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली बेमेतरा में किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला परसबोड़ संकुल केन्द्र परसबोड़ की छात्रा नंदनी साहू कक्षा पहिली ने कुर्सी दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निलेश चन्द्रवंशी, बीआरसी बीडी बघेल, संकुल प्रभारी ईश्वर साहू, संकुल समन्वयक मुकेश कुमार ठाकुर चन्द्रकांत वर्मा संस्था प्रमुख आशा बंजारे एवं शाला परिवार के शिक्षक पालक ने नंदनी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## राजनीतिक दल आचार संहिता का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के सुचारू संचालन के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में

- नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों के संबंध में कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

राजनीतिक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना था। कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव संबंधी तैयारियों, आचार संहिता के पालन, और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपील की। बैठक मे कलेक्टर ने बताया कि चुनाव दो चरणों में होगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के सभी वीवीआईपी वोटर्स को अपना नाम जुड़वाने की अपील की।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिसमें मतदाता सूची का सत्यापन, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट के इस्तेमाल का प्रशिक्षण, और मतदान के दिन की व्यवस्थाएं शामिल थीं। कलेक्टर ने यह भी जोर दिया कि सभी राजनीतिक दल आचार संहिता का पालन करें और चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या कानून-व्यवस्था की समस्या से बचें।

**सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम :** स्थानीय चुनाव के संबंध में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने चुनाव के दिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़ी तैयारी का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा बल तैनात किया जाएगा। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, गश्ती दलों को सक्रिय रखा जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। चुनाव के दिन यातायात व्यवस्था भी सुचारु रहेगी और किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### सभी दलों से लिए सुझाव और शिकायत

इस बैठक में सभी दलों से सुझाव और शिकायतें भी सुनी गईं, जिन्हें कलेक्टर ने गंभीरता से लिया और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी दलों से सहयोग की उम्मीद जताई गई, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास कायम रहे। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, निर्वाचन के अधिकारी कर्मचारी, भाजपा से जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, मोतीलाल मोन्टी साहू, योगेश वर्मा, नीतू कोठारी, नधमल कोठारी, मूलचंद शर्मा, कांग्रेस के नवीन ताम्रकार, तारण सिंह राजपूत, अजय राज सेन, भीखम साहू, हरीश साहू, राजू साहू, बहुजन समाज से जिला उपाध्यक्ष हरिप्रसाद साहू, आदि उपस्थित थे।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव